# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## जुलाई, 2007 सत्र

### गुरुवार, दिनांक 19 जुलाई, 2007

## तारांकित प्रश्नोत्तर

दंतेवाड़ा जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति

1. (*क्र. 762) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दक्षिण बस्तर जिला दंतेवाड़ा में वर्ष 2006-07 में कितने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पद स्वीकृत थे ? (ख) क्या विकासखण्ड गीदम में नियमानुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं की नियुक्ति उक्त वर्ष में की गई है, यदि हां, तो क्या नियुक्ति पूर्ण कर ली गई है ? यदि नहीं, तो कहां-कहां ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) वर्ष 2006-07 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कुल 1771 पद स्वीकृत थे. (ख) जी हाँ. नियुक्तियाँ पूर्ण नहीं हुई है. रिक्त पदों की स्थिति † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

कंडम वाहन घोटाले के जांच प्रतिवेदन पर कार्यवाही

2. (*क्र. 818) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2004-2005 में कंडम वाहन नीलामी में अनियमितता का जांच प्रतिवेदन शासन को कब प्राप्त हुआ ? (ख) जांच के मुख्य निष्कर्ष क्या है ? किन-किन अधिकारी/कर्मचारी को दोषी पाया गया ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) 05-04-2007 को. (ख) जांच में यह तथ्य पाये गये हैं कि विभागीय वाहनों के अपलेखन से संबंधित दस्तावेजों में अवैधानिक कृत्य कर कांट-छांट, सफेदा लगाकर आफसेट मूल्यों में परिवर्तन किया गया है. उक्त कृत्य के लिए श्री अशोक पंचभाई, जिला मलेरिया अधिकारी, अंबिकापुर (सरगुजा) एवं श्री एन. एस. तिवारी, तत्कालीन सहायक यंत्री (परिवहन), संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छ. ग. रायपुर (वर्तमान में सेवानिवृत्त) को दोषी पाया गया है.

अवैध पत्थर खदानों के धसकने से जान माल की हानि

3. (*क्र. 417) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले में पत्थर खदानों की मिट्टी एवं पत्थर धसकने से 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में 23-06-07 तक कहाँ-कहाँ कब-कब कितने लोगों की मृत्यु हुई है ? (ख) मृतकों के परिजनों को कितनी-कितनी राशि का मुआवजा कब-कब दिया गया ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) एवं (ख) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

मलेरिया निरोधक बी. एच. सी. छिड़काव हेतु प्राप्त आवंटन

4. (*क्र. 669) **श्री बैदूराम कश्यप :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर जिले में मलेरिया निरोधक बी. एच. सी. के छिड़काव हेतु कितनी आवंटन वर्ष 2007-08 में प्राप्त हुआ है ? (ख) कितने ग्रामों में छिड़काव कार्य किया गया एवं कितनी राशि व्यय की गई है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) निरंक. (ख) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

† परिशिष्ट "एक" †† परिशिष्ट "दो"

मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के दर्ज प्रकरण

5. (*क्र. 502) **श्री चन्द्रभान बारमते :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मुंगेली विधान क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 1-1-2006 से दिनांक 20-06-2007 तक अवैध शराब बिक्री के कुल कितने प्रकरण दर्ज किये गये हैं ? (ख) आरोपियों के विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) प्रश्नांकित अवधि में अवैध शराब बिक्री का कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है, किन्तु अवैध मदिरा धारण व निर्माण के कुल 96 प्रकरण दर्ज किए गए हैं. (ख) प्रश्नांश (क) के उत्तर में दर्शित 96 दर्ज प्रकरणों में आरोपियों के विरुद्ध चालान सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया एवं माननीय न्यायालय द्वारा सभी 96 आरोपियों को अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है.

जे. एन. एन. यू. आर. एम. के तहत रायपुर नगर निगम के स्वीकृत कार्य

6. (*क्र. 578) **डॉ. (श्रीमति) रेणु जोगी :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) भारत सरकार द्वारा जे. एन. एन. यू. आर. एम. के अंतर्गत रायपुर नगर निगम को किस कार्य हेतु, कितनी राशि की स्वीकृति, कब प्रदान की गई ? (ख) स्वीकृत राशि में से भारत सरकार से राशि कब और कितनी प्राप्त हुई ? क्या रायपुर नगर निगम को भी राशि प्रदान की जा चुकी है ? यदि हां, तो कब और कितनी ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" पर दर्शित है. (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" पर दर्शित है. जी हां † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है.

राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण का मापदण्ड

7. (*क्र. 617) **महंत रामसुन्दर दास :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कुल कितने प्रदेश स्तरीय पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं ? नाम सहित बतायें. (ख) प्रदेश स्तरीय पुरस्कार निर्धारण करने की प्रक्रिया क्या है ? चयन समिति के सदस्य कौन-कौन हैं ? (ग) क्या शासकीय दूधाधारी श्री वैष्णव संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना की स्वर्ण जयंती के अवसर पर 18 फरवरी, 2006 को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा संस्कृत भाषा के नाम से राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गयी थी ? यदि हाँ, तो उक्त पुरस्कार किनके नाम से एवं किस संस्था या व्यक्ति को प्रदान किया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ? माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा के परिपालन में क्या कार्यवाही की गयी ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) एवं (ख) पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों जैसे साम्प्रदायिक सौहार्द, अहिंसा एवं गौरक्षा, सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में अभिनव प्रयास आदि में रचनात्मक/उत्कृष्ट/अविस्मरणीय कार्य के लिये निर्धारित किये गये हैं. शेष जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है. (ग) जी हॉं. अभी किसी संस्था या व्यक्ति को पुरस्कार नहीं दिया गया है. पुरस्कार के संबंध में नियमावली बनाने की कार्यवाई प्रचलित है.

विकासखण्ड कसडोल एवं बिलाईगढ़ में ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु स्वीकृत कार्यों की स्थिति

8. (*क्र. 832) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कसडोल विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड के अन्तर्गत पिछले दो वर्षों में ग्रामीण विद्युतीकरण के कौन-कौन से कार्य स्वीकृत किये गये हैं ? (ख) क्या स्वीकृत कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं ? (ग) यदि नहीं, तो कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) कसडोल विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत पिछले दो वर्षों अर्थात् वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में कसडोल विकासखण्ड के 01 ग्राम यथा कोर्राडीह तथा कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्डों के कुल 30 मजरों/टोलों के विद्युतीकरण कार्य स्वीकृत किये गये हैं. इन मजरों/टोलों के नाम † † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाए गए हैं. (ख) उक्त स्वीकृत कार्यों में से 01 ग्राम तथा 27 मजरों/टोलों के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं एवं 03 मजरों/टोलों के कार्य शेष हैं. (ग) शेष 03 मजरों/टोलों के कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने के प्रयास किये जा रहे हैं.

आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता/सहायिकाओं की भर्ती

9. (*क्र. 563) **श्री अमरजीत भगत :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि सरगुजा जिले में वर्ष 2006-07 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका के कुल कितने पद स्वीकृत थे ? कितने पद भरे गये हैं तथा कितने शेष हैं ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

† परिशिष्ट "तीन" †† परिशिष्ट "चार" ‡ परिशिष्ट "पांच"

बिलासपुर जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति

10. (*क्र. 485) **श्री चुरावन मंगेशकर :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 में दिनांक 30-05-2007 तक बिलासपुर जिले में कुल कितने नये आंगनबाड़ी केन्द्र खोले गये हैं ? क्या इन केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायकों की नियुक्ति की जा चुकी है ? यदि नहीं, तो कब तक की जाएगी ? (ख) बिलासपुर जिले में 30-05-2007 तक विभिन्न विकासखण्डों में कितने-कितने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की नियुक्ति की जा चुकी है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) कुल स्वीकृत 856 नवीन अतिरिक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में से प्रश्नाधीन अवधि तक 594 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित किये गये हैं. स्वीकृत नयें केन्द्रों मे 599 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 236 आंगनबाड़ी सहायिकाओं की नियुक्ति की गई है. शेष केन्द्रों हेतु नियुक्ति की प्रक्रिया प्रचलित है. जिसके लिए निश्चित समय सीमा बताई जाना संभव नहीं है. (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

रायगढ़ एवं जशपुर जिला में निर्धन कन्या सामूहिक विवाह हेतु क्रय सामग्री

11. (*क्र. 428) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जनवरी 2007 से जून 2007 तक रायगढ़ एवं जशपुर जिले के विभिन्न जनपद पंचायत क्षेत्रों में किस-किस तिथि को निर्धन कन्या सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है एवं कितने-कितने जोड़े निर्धनों का विवाह सम्पन्न हुआ ? जनपद पंचायतवार जानकारी देवें ? (ख) विवाह में शासन की ओर से सामग्री क्रय हेतु प्रति निर्धन कन्या कितनी राशि का प्रावधान है ? क्या उक्त सामग्रियों की खरीदी हेतु निविदा आमंत्रित करायी गयी या नकद राशि प्रदान की गई है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. (ख) सामग्री क्रय हेतु प्रति निर्धन कन्या रुपये 4000.00 का प्रावधान है. निविदा आमंत्रित कर या विकासखण्ड स्तरीय निर्धन कन्या सामूहिक विवाह समिति के निर्णय अनुसार स्थानीय बाजार से क्रय किया गया है. जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है.

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की जानकारी

12. (*क्र. 769) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 में जिला बिलासपुर एवं जिला कवर्धा में कौन-कौन से स्थान पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (नये केन्द्रों) की स्वीकृति प्रदान की गई हैं ? (ख) उक्त केन्द्रों में से कितने स्वास्थ्य केन्द्रों ने कार्य करना प्रारंभ कर दिया है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) बिलासपुर जिले में 12 तथा कवर्धा में 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों ने कार्य करना प्रारंभ कर दिया है.

विभाग में पर्यवक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति

13. (*क्र. 567) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विभाग में पर्यवेक्षकों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं ? कितने पद रिक्त है ? जिलेवार संख्या बतावें ? (ख) रिक्त पदों के पूर्ति हेतु क्या कार्यवाही की गई है या क्या कार्यवाही की जा रही है ? (ग) क्या यह भी सही है कि विभाग के पर्यवेक्षकों के पदों का आवंटन केन्द्र शासन से प्राप्त होता है ? यदि हाँ, तो आवंटन प्राप्त होने के उपरांत भी रिक्त पदों के भरे न जाने के क्या कारण है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) जानकारी ‡‡ संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. (ख) भरती नियम बनाये जाने की कार्यवाही प्रचलित है. (ग) जी हाँ. भरती नियम बनाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने से रिक्त पद नहीं भरे जा सके.

† परिशिष्ट "छः"  †† परिशिष्ट "सात"  ‡ परिशिष्ट "आठ"  ‡‡ परिशिष्ट "नौ"

आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन तथा भवन व्यवस्था

14. (*क्र. 825) **श्री संजय ढीढी :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र आरंग के अंतर्गत कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है ? (ख) क्या संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए भवन उपलब्ध है ? यदि नहीं, तो भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या कितनी है ? (ग) भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों में भवन की अस्थायी व्यवस्था क्या है ? भवन विहीन केन्द्रों के लिये कब तक भवन उपलब्ध किया जायेगा ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) 224 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है. (ख) सभी संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन उपलब्ध नहीं है. कुल स्वीकृत 232 केन्द्रों में से 168 केन्द्रों के लिए आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत नहीं है. (ग) अस्थायी व्यवस्था के रूप में आंगनबाड़ी केन्द्र किराये के भवन में, ग्राम पंचायत अथवा अन्य भवन में संचालित किये जा रहे हैं. निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

बायोडीजल का राज्य में उत्पादन

15. (*क्र. 814) **मोहम्मद अकबर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 31 दिसम्बर, 2006 की स्थिति में प्रदेश में स्थित संयंत्रों से कुल कितना बायोडीजल बनाया जा चुका है तथा कुल कितनी राशि व्यय की जा चुकी है ? (ख) वर्ष 2007 में संयंत्रवार एवं माहवार कुल कितना उत्पादन हुआ है तथा उत्पादन लागत प्रतिलीटर क्या है ? वर्ष 2007-08 के लिए उत्पादन का कितना लक्ष्य निर्धारित है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) 31 दिसम्बर 2006 की स्थिति में प्रदेश में स्थित छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण के बायोडीजल संयंत्र, रायपुर से 12,996.90 लीटर बायोडीजल बनाया गया है. कुल रुपये 3,98,615 व्यय हुआ है. (ख) वर्ष 2007 में छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण के बायोडीजल संयंत्र, रायपुर में हुए माहवार उत्पादन का विवरण † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाया गया है. ग्राम तरौद विकासखण्ड अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा में स्थापित बायोडीजल संयंत्र से रतनजोत बीज/तेल की उपलब्धता न होने के कारण बायोडीजल का उत्पादन प्रारंभ नहीं किया जा सका है. छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा स्थापित बायोडीजल संयंत्र, रायपुर में राज्य शासन द्वारा घोषित रतनजोत बीज समर्थन मूल्य रुपये 6.50 प्रति किलो के आधार पर प्रति लीटर उत्पादन लागत औसतन रुपये 30.67 आती है. बायोडीजल का उत्पादन रतनजोत, करंज इत्यादि के बीज/तेल की उपलब्धता पर निर्भर होने के कारण वर्ष 2007-08 के लिये बायोडीजल के उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित नहीं है.

200 बिस्तर वाले अस्पताल में प्रदत्त सुविधायें

16. (*क्र. 776) **श्री उदय मुदलियार :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 200 बिस्तर वाले अस्पताल में क्या-क्या सुविधायें एवं कौन-कौन से विशेषज्ञ (डॉक्टरों) की नियुक्ति एवं कितने कर्मचारियों की पदस्थापना की जाती है ? (ख) क्या राजनांदगांव जिला स्थित शासकीय चिकित्सालय का उन्नयन कर 200 बिस्तर किया गया है ? यदि हां, तो उक्त अस्पताल में कितने विशेषज्ञ (डॉक्टर) एवं कर्मचारी पदस्थ किये गये हैं ? क्या-क्या सुविधायें वर्तमान में उपलब्ध हैं ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "अ-1" के अनुसार. (ख) जी हां. जानकारी †† संलग्न प्रपत्र-"ब" अनुसार. उक्त संस्था में प्रश्नांश "क" में उल्लेखित सभी सुविधाएं उपलब्ध है.

विगत पॉच वर्षों में राज्य के प्रमुख शहरों में रजिस्ट्री शुल्क में हुई वृद्धि

17. (*क्र. 625) **श्री भूपेश बघेल :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विगत पॉच वर्षों में राज्य के प्रमुख शहरों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, कोरबा में रजिस्ट्री शुल्क में कुल कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है ? (ख) वृद्धि का आधार क्या है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

बलौदा बाजार विधान सभा क्षेत्र में नये एवं अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की स्वीकृति

18. (*क्र. 816) **श्री गणेश शंकर वाजपेयी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बलौदा बाजार विधान सभा क्षेत्र में 2004-05 एवं 2005-06 में किन-किन ग्रामों में नये अथवा अति. ट्रांसफार्मर स्वीकृत किये गये ? (ख) 31 मार्च, 2006 तक किन-किन ग्रामों में ट्रांसफार्मर लगाये जा चुके हैं ? शेष ग्रामों में कब तक लगा दिये जायेंगे ?

† परिशिष्ट "दस"

†† परिशिष्ट "ग्यारह"

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) बलौदा बाजार विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 2004-2005 एवं 2005-2006 में कुल 33 ग्रामों में नये अथवा अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर स्वीकृत किये गये. इन ग्रामों के नाम † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाये गए हैं. (ख) उक्त में से 31 मार्च 2006 तक 26 ग्रामों में ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके हैं, शेष 07 ग्रामों में से 30 जून 2007 तक 06 ग्रामों में ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके हैं तथा 01 ग्राम में विवाद होने के कारण ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य लंबित है. विवाद का निपटारा होने के उपरांत यथा शीघ्र कार्य पूर्ण किया जा सकेगा, जिसके लिए निश्चित समय-सीमा बता पाना संभव नहीं है.

खनिज की रायल्टी प्राप्त करने का मापदण्ड

19. (*क्र. 737) **डॉ. बालमुकुन्द देवांगन :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में कितने क्रेशर संचालित हैं. लीजधारी का नाम, क्रेशर की संख्या एवं खनिज का प्रकार बतावें ? (ख) लीजधारी से रायल्टी प्राप्त करने का क्या मापदण्ड है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) दुर्ग जिले में कुल 103 क्रशर संचालित हैं. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर दर्शित है. (ख) मुख्य खनिजों हेतु खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 9 (1) के तहत खनिपट्टा क्षेत्र से निकास/खपत किये गये खनिज की मात्रा पर रायल्टी देय होती है. गौण खनिज हेतु छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 1996 के उपनियम 30 (1) (ख) के तहत उत्खनिपट्टा क्षेत्र से खपाये गये/परिवहन किये गये खनिज की मात्रा पर रायल्टी देय होती है.

जिला चिकित्सालयों में विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों के स्वीकृत पद

20. (*क्र. 108) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला चिकित्सालय रायपुर एवं महासमुंद में नये सेटअप के आधार पर विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों के कितने-कितने पद स्वीकृत किये गये हैं अलग-अलग बतायें ? (ख) वर्तमान में कितने पद रिक्त हैं ? (ग) रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर ली जावेगी ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) जिला चिकित्सालय रायपुर में एक भी चिकित्सक का पद रिक्त नहीं है. जिला चिकित्सालय महासमुंद में 7 पद विशेषज्ञ (प्रथम श्रेणी) एवं 6 पद चिकित्सा अधिकारी के रिक्त है. (ग) निश्चित समय सीमा बतलाना संभव नहीं.

रतनजोत की खेती हेतु अनुदान

21. (*क्र. 273) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि रतनजोत की खेती के लिए किसानों को कौन-कौन सी सुविधायें व कितना अनुदान दिया जा रहा है ? 2007-2008 में रतनजोत के उत्पादन का लक्ष्य कितना है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : रतनजोत की खेती के लिए किसानों को 500 रतनजोत नर्सरी पौध तक नि:शुल्क एवं उससे अधिक प्रति कृषक 5000 रतनजोत नर्सरी पौध तक रु. 0.50 प्रति पौध की दर से प्रदाय किया जा रहा है. पृथक से अनुदान नहीं है. वर्ष 2007-08 में 20 करोड़ रतनजोत नर्सरी पौध के उत्पादन का लक्ष्य है.

प्रदेश में स्थापित बॉयोडीजल संयंत्र

22. (*क्र. 475) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 30 जून 2007 की स्थिति में प्रदेश में कहां-कहां, कितनी-कितनी क्षमता के कितनी लागत से बॉयोडीजल संयंत्र स्थापित हो चुके हैं ? (ख) प्रदेश में स्थापित बॉयोडीजल संयंत्रों में प्रतिलीटर उत्पादन लागत क्या है तथा 30 जून, 2007 तक माहवार कितने-कितने बायोडीजल का उत्पादन हुआ है ? (ग) बॉयोडीजल उत्पादन के लिये 2006-07 में कुल कितनी मात्रा में प्रदेश में किन-किन एजेंसियों ने कितना-कितना रतनजोत बीज किस-किस दर पर खरीदी किया ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) 30 जून 2007 की स्थिति में प्रदेश में 03 बायोडीजल संयंत्र यथा रायपुर में 3000 लीटर प्रतिदिन क्षमता के लागत रुपये 22,34,000 में, ग्राम तरौद विकासखण्ड अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा में 100 लीटर प्रतिदिन क्षमता के लागत रुपये 1,24,800 में तथा कोरबा में 100 लीटर प्रतिदिन क्षमता के लागत रुपये 1,24,800 में स्थापित किया गया है. (ख) छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा रायपुर में

† परिशिष्ट "बारह" †† परिशिष्ट "तेरह"

स्थापित बायोडीजल संयंत्र में राज्य शासन द्वारा घोषित रतनजोत बीज समर्थन मूल्य रुपये 6.50 प्रति किलो के आधार पर प्रति लीटर उत्पादन लागत औसतन रुपये 30.67 आती है. छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण के इस बायोडीजल संयंत्र में 30 जून 2007 तक माहवार हुए बायोडीजल उत्पादन का विवरण † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाया गया है. ग्राम तरौद जिला जांजगीर-चांपा एवं कोरबा में स्थापित बायोडीजल संयंत्रों से रतनजोत बीज/तेल की उपलब्धता न होने के कारण बायोडीजल का उत्पादन प्रारंभ नहीं किया जा सका है. (ग) बायोडीजल उत्पादन के लिए वर्ष 2006-07 में छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा कुल 2144.50 किलो रतनजोत बीज कबीरधाम जिले के हाट बाजारों से रुपये 12.15 प्रति किलो की दर से खरीदा गया है.

भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु भवन व्यवस्था

23. (*क्र. 486) **श्री चुरावन मंगेशकर :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले के अंतर्गत कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है ? कितने केन्द्रों के स्वयं के भवन है ? (ख) भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए भवन कब तक उपलब्ध कराया जाएगा ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) बिलासपुर जिले में 2301 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है. 894 आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत नहीं है. (ख) निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ का पदांकन

24. (*क्र. 826) **श्री संजय ढीढी :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) आरंग विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कहां-कहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/उप स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं ? (ख) कंडिका "क" के केन्द्रों में चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ के कौन-कौन से पद स्वीकृत हैं ? क्या स्वीकृत पदों पर स्टाफ पदस्थ है ? यदि नहीं, तो रिक्त पदों की जानकारी केंद्रवार दें ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" के अनुसार. (ख) पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" के अनुसार.

अवैध उत्खनन के दर्ज प्रकरणों पर कार्यवाही

25. (*क्र. 817) **श्री गणेश शंकर वाजपेयी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत किन-किन गौण खनिज का उत्खनन कार्य कहाँ-कहाँ किया जा रहा है ? (ख) "क" में उल्लेखित भूमि किन-किन को लीज पर दी गयी है ? (ग) अवैध उत्खनन और परिवहन के कितने प्रकरण 01 जनवरी, 2005 से 31 मार्च, 2006 तक पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) एवं (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "एक" पर दर्शित है. (ग) दिनांक 01-01-2005 से 31-03-2006 तक अवैध उत्खनन के 13 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये. अवैध परिवहन के 13 प्रकरणों में कार्यवाही की गई. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-दो पर दर्शित है.

---

† परिशिष्ट "चौदह"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 01 (क्र. 762) के भाग (ख) की जानकारी ]

### बाल विकास परियोजना, गीदम में केन्द्रों की जानकारी जहां नियुक्ति शेष है

| क्र. (1) | केन्द्र जहां नियुक्ति शेष है (2) | रिक्त पद (3) | क्र. (1) | केन्द्र जहां नियुक्ति शेष है (2) | रिक्त पद (3) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कारली आयतुपारा | कार्यकर्ता | 1. | बड़ेकरका नाकापारा | सहायिका |
| 2. | कारली ढोठापारा | कार्यकर्ता | 2. | कोरलापाल दुग्गापारा | सहायिका |
| 3. | कारली मुण्डाटीकरापारा | कार्यकर्ता | 3. | बारसुर ढोठापारा | सहायिका |
| 4. | हारम राउतपारा | कार्यकर्ता | 4. | बारसुरगढ़पारा | सहायिका |
| 5. | गीदम नाकापारा | कार्यकर्ता | 5. | कोरकोटी केशकुटपारा | सहायिका |
| 6. | गीदम देवांगनपारा | कार्यकर्ता | 6. | उपेट ढोठापारा | सहायिका |
| 7. | गीदम पीडब्ल्यूडीपारा | कार्यकर्ता | 7. | मुस्तलनार पटेलपारा | सहायिका |
| 8. | गीदम फुलपदरपारा | कार्यकर्ता | 8. | छोटेतुमनार लोहारपारा | सहायिका |
| 9. | कौरगांव हल्बापारा | कार्यकर्ता | 9. | गुटोली पटेलपारा | सहायिका |
| 10. | कौरगांव बैगोफरपारा | कार्यकर्ता | 10. | कासोली मझारपारा | सहायिका |
| 11. | बड़ेकरका नाकापारा | कार्यकर्ता | 11. | गीदम देवांगनपारा | सहायिका |
| 12. | कोरकोटी केशकुटपारा | कार्यकर्ता | 12. | कारली बारसापारा | सहायिका |
| 13. | हितामेटा रेकापारा | कार्यकर्ता | 13. | कारली कमलापदरपारा | सहायिका |
| 14. | पाहुरनार पायकुपारा | कार्यकर्ता | 14. | कारली मुण्डाटीकरापारा | सहायिका |
| 15. | तारलापाल खासेपारा | कार्यकर्ता | 15. | कारली आयतुपारा | सहायिका |
| 16. | मुस्तलनार पटेलपारा | कार्यकर्ता | 16. | कारली ढोठापारा | सहायिका |
| 17. | गुमलनार मरसापारा | कार्यकर्ता | 17. | बड़ेतुमनार पटेलपारा | सहायिका |
| 18. | कासोली मंझारपारा | कार्यकर्ता | 18. | बड़ेतुमनार गायतापारा | सहायिका |
| 19. | कोरलापाल दुग्गापारा | कार्यकर्ता | 19. | बोदली करेंपारा | सहायिका |
| 20. | फरसपाल ढोठापारा | कार्यकर्ता | 20. | बांगापाल सरपंचपारा | सहायिका |
| 21. | फरसपाल भंडारीपारा | कार्यकर्ता | 21. | आलनार गायतापारा | सहायिका |
| 22. | तुमरीगुण्डरा मांडरीपारा | कार्यकर्ता | 22. | कुण्डेनार पटेलपारा | सहायिका |
| 23. | फरसपाल कोटवारापारा | कार्यकर्ता | 23. | फरसपाल भण्डारीपारा | सहायिका |
| 24. | मासोड़ी | कार्यकर्ता | 24. | फरसपाल ढोठापारा | सहायिका |
| 25. | उदेनार | कार्यकर्ता | 25. | फरसपाल पटेलपारा | सहायिका |
| | | सहायिका | 26. | बिन्जाम स्कूलपारा | सहायिका |
| | | सहायिका | 27. | छोड़ियाबाड़म पेरमापारा | सहायिका |
| | | सहायिका | 28. | गुमड़ा रूण्डीपारा | सहायिका |
| | | सहायिका | 29. | बोदली पटेलपारा | सहायिका |
| | | सहायिका | 30. | कारली सरपंचपारा | सहायिका |
| | | सहायिका | 31. | कारली चैतुपारा | सहायिका |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 03 (क्र. 417) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**अवैध पत्थर खदानों के धसकने से जानमाल की हानि से संबंधित प्रश्नांश ( क ) एवं ( ख ) की जानकारी**

| स. क्र. | मृतक नाम व पता | घटनास्थल का नाम | घटना की तिथि | सहायता राशि स्वीकृति की तिथि | मृतक के परिवार को वितरित सहायता राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **वित्तीय वर्ष 2005-06** | | | | | |
| 1. | श्री मोहाराम आ. सुंदर साय राठिया उम्र 14 वर्ष साकिन नागदरहा. | नागदरहा | 09-05-2005 | 10-05-2005<br>11-11-2005 | 5000.00<br>20,000.00 |
| 2. | श्री लछिन्दर आ. चैतराम राठिया, उम्र 18 वर्ष साकिन, नागदरहा. | नागदरहा | 09-05-2005 | 10-05-2005<br>11-11-2005 | 5000.00<br>20,000.00 |
| 3. | श्री चंदन आ. सोनसाय राठिया, उम्र 16 साकिन पण्डरीपानी. | नागदरहा | 09-05-2005 | 10-05-2005 | 5000.00 |
| 4. | श्री जगमोहन आ. सदाराम महंत, उम्र 17 वर्ष साकिन, कुम्हीघुआ. | नागदरहा | 09-05-2005 | 10-05-2005<br>11-11-2005 | 5000.00<br>20,000.00 |
| 5. | श्री समारू कोल पिता भदेला कोल, उम्र 45 साल साकिन, हर्रा जिला डिण्डो (उ. प्र.) | लाखा | 02-02-2006 | 27-02-2007 | 50,000.00 |
| **वित्तीय वर्ष 2006-07** | | | | | |
| 1. | श्री प्रेमसाय पिता गंगाराम गाड़ा, उम्र 70 साल साकिन, पण्डरीपानी थाना पत्थलगांव जिला-जशपुर. | भेलवांटिकरा | 15-05-2006 | 27-02-2007 | 50,000.00 |
| 2. | श्रीमती अहिल्या बाई पति देवधर यादव, उम्र 32 साल साकिन, गंदगांव. | गंदगांव | 22-12-2006 | 28-02-2007 | 50,000.00 |
| 3. | श्री टेकराम आ. बिहारी यादव, उम्र 50 साल साकिन, धुमाभांठा. | फटंगपाली | 28-04-2006 | 27-10-2007 | 50,000.00 |
| 4. | श्रीमती रंगबती पति रतिराम निषाद साकिन, बिलाईगढ़. | बिलाईगढ़ | 29-10-2006 | 02-03-2007 | 50,000.00 |
| 5. | श्रीमती सरिता पति कोमल सतनामी, उम्र 34 साल साकिन, बोन्दा. | बोन्दा | 22-12-2006 | 02-03-2007 | 50,000.00 |
| **वित्तीय वर्ष 2007-08** | | | | | |
| 1. | श्री कृष्ण कुमार उर्फ किस्टो सिदार आ. जेठू सिदार जाति संवरा साकिन, साल्हेओना. | छुटोपाली | 08-05-2007 | 31-05-2007 | 10,000.00 |
| 2. | श्रीमती तीजाबाई पति श्री प्रेमलाल उरांव, उम्र 30 साल साकिन, धनागर. | धनागर | 11-05-2007 | 14-05-2007 | 10,000.00 |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 06 (क्र. 578) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

भारत सरकार द्वारा जे. एन. एन. यू. आर. एम. के अंतर्गत रायपुर नगर निगम को प्रदान की गई स्वीकृति का विवरण निम्नानुसार है :—

(राशि करोड़ में)

| क्र. (1) | कार्य (2) | स्वीकृत राशि (3) | स्वीकृत दिनांक (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | जल आवर्धन योजना | 303.64 | 01-11-2006 |
| 2. | शहरी गरीबों के लिये मूलभूत सुविधायें | 391.45 | 22-12-2006 |

### प्रपत्र "ब"

1. स्वीकृत राशि में से भारत सरकार से प्राप्त राशि का विवरण निम्नानुसार है :—

(राशि करोड़ में)

| क्र. (1) | कार्य (2) | प्राप्त राशि (3) | प्राप्त दिनांक (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | जल आवर्धन योजना | 48.00 | 01-11-2006 |
| 2. | शहरी गरीबों के लिये मूलभूत सुविधायें | 78.04 | 22-12-2006 |

2. नगर निगम रायपुर को उपरोक्तानुसार केन्द्रांश तथा अनुपातिक राज्यांश आहरण कर निम्नानुसार राशि प्रदान की गई :—

(राशि करोड़ में)

| क्र. (1) | कार्य (2) | जारी राशि (3) | जारी दिनांक (4) | केन्द्रांश (5) | राज्यांश (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जल आवर्धन योजना | 53.52 | 07-04-2007 | 47.52 | 6.00 |
| 2. | शहरी गरीबों के लिये मूलभूत सुविधायें | 86.91 | 22-04-2007 | 77.26 | 9.65 |

परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 08 (क्र. 832) के भाग (क) की जानकारी ]

**ग्रामीण विद्युतीकरण के अंतर्गत वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में विद्युतीकरण हेतु स्वीकृत कसडोल विधान सभा क्षेत्र के कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्डों के मजरों/टोलों के नाम**

| क्र. (1) | मजरा/टोला का नाम (2) | मुख्य ग्राम का नाम (3) | विकासखण्ड (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | महुआ भांठा | भरका | कसडोल |
| 2. | भाठापारा | सुकली | |
| 3. | हरिजनपारा | बगार | |
| 4. | माता सफुरा तालाब | गिरौदपुरी | |
| 5. | पीपरछेड़ी | पीपरछेड़ी | |
| 6. | छाली | छाली | |
| 7. | छरछेद | छरछेद | |
| 8. | खैरा | खैरा | |
| 9. | धवलपुर | धवलपुर | |
| 10. | आदिवासी मुहल्ला | टुण्डरी | |
| 11. | हटौद | हटौद | |
| 12. | भाठापारा | मटिया | |
| 13. | टुण्डरा | टुण्डरा | |
| 14. | लखमईबस्ती | कटगी | |
| 15. | पुरानी बस्ती | करमेल | |
| 16. | देवरुम | देवरुम | |
| 17. | चौथापारा | बया | |
| 18. | निठोरा | निठोरा | |
| 19. | बरपानी | बरपानी | |
| 20. | मानदीप | मानदीप | |
| 21. | देवगांव | देवगांव | |
| 22. | गजराडीह | गजराडीह | |
| 23. | धनवार डेरा * | उपरानी | |
| 24. | नगरदा * | नगरदा | |
| 25. | कलमीदादर * | कलमीदादर | |
| 26. | भाटापारा | सुरगुली | बिलाईगढ़ |
| 27. | पुरगांव | पुरगांव | |
| 28. | गोहारभांठा | टुण्डरी | |
| 29. | खपरीपारा | खपरीपारा | |
| 30. | अर्जुनी | अर्जुनी | |

टीप-* वर्तमान में इन मजरों/टोलों के कार्य लंबित हैं.

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 09 (क्र. 563) की जानकारी ]

**सरगुजा जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका के वर्ष 2006-07 में स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पदों की जानकारी**

| पद | स्वीकृत पदों की संख्या | पूर्व से भरे पदों की संख्या | वर्ष 2006-07 में भरे पदों की संख्या | कुल भरे पदों की संख्या | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| आंगनबाड़ी कार्यकर्ता | 3694 | 2563 | 1094 | 3657 | 37 |
| आंगनबाड़ी सहायिका | 3694 | 2550 | 1002 | 3552 | 142 |

परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 485) के भाग (ख) की जानकारी ]

**बिलासपुर जिले में दिनांक 30-05-2007 तक नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका की परियोजनावार जानकारी**

| क्र. | परियोजना का नाम | नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता | | | नियुक्त आंगनबाड़ी सहायिका | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पूर्व के केन्द्रों में | नवीन स्वीकृत केन्द्रों में | योग | पूर्व के केन्द्रों में | नवीन स्वीकृत केन्द्रों में | योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | मरवाही | 195 | 22 | 217 | 195 | 20 | 395 |
| 2. | बिलासपुर | 111 | 0 | 111 | 111 | 0 | 111 |
| 3. | पेण्ड्रा | 98 | 22 | 120 | 90 | 0 | 90 |
| 4. | मस्तुरी | 110 | 101 | 211 | 85 | 52 | 137 |
| 5. | गौरेला | 189 | 72 | 261 | 189 | 7 | 196 |
| 6. | कोटा | 123 | 76 | 199 | 123 | 72 | 195 |
| 7. | मुंगेली | 145 | 19 | 164 | 145 | 18 | 163 |
| 8. | लोरमी | 189 | 68 | 257 | 151 | 0 | 151 |
| 9. | बिल्हा | 263 | 73 | 336 | 254 | 50 | 304 |
| 10. | पथरिया | 111 | 74 | 185 | 111 | 0 | 111 |
| 11. | तखतपुर | 168 | 72 | 240 | 164 | 17 | 181 |
| | योग | 1702 | 599 | 2301 | 1618 | 236 | 1854 |

## परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 428) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

| क्रमांक | जिला | जनपद पंचायत का नाम | सामूहिक विवाह आयोजित करने का दिनांक | जोड़ों की संख्या जिनका विवाह सम्पन्न हुआ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | जशपुर | कांसाबेल | 21-03-2007 | 15 |
| 2. | -तदैव- | पत्थलगांव | 27-03-2007 | 43 |
| 3. | -तदैव- | जशपुरनगर | 28-03-2007 | 22 |
| 4. | रायगढ़ | सारंगढ़ | 18-02-2007 | 12 |
| 5. | -तदैव- | पुसौर | 28-02-2007 | 15 |
| 6. | -तदैव- | बरमकेला | 13-03-2007 | 10 |
| 7. | -तदैव- | धरमजयगढ़ | 17-03-2007 | 55 |
| 8. | -तदैव- | घरघोड़ा | 18-03-2007 | 23 |
| 9. | -तदैव- | सारंगढ़ | 18-03-2007 | 03 |
| 10. | -तदैव- | लैलूंगा | 18-03-2007 | 30 |
| 11. | -तदैव- | तमनार | 27-03-2007 | 23 |
| 12. | -तदैव- | बरमकेला | 27-03-2007 | 11 |

प्रपत्र "ब"

| क्रमांक | जिले का नाम | | निर्धन कन्या सामूहिक विवाह हेतु सामग्री क्रय के लिए अपनायी गई पद्धति का विवरण |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | जशपुर | | निविदा पद्धति से क्रय किया गया |
| 2. | रायगढ़ | जनपद पंचायत का नाम | |
| | | पुसौर | सीमित निविदा पद्धति से क्रय किया गया |
| | | तमनार | सीमित निविदा पद्धति से क्रय किया गया |
| | | घरघोड़ा | सीमित निविदा पद्धति से क्रय किया गया |
| | | लैलूंगा | सीमित निविदा पद्धति से क्रय किया गया |
| | | बरमकेला | विकासखंड स्तरीय निर्धन कन्या विवाह समिति के निर्णय के अनुसार स्थानीय बाजार से क्रय की गई. |
| | | सारंगढ़ | विकासखंड स्तरीय निर्धन कन्या विवाह समिति के निर्णय के अनुसार स्थानीय बाजार से क्रय की गई. |
| | | धर्मजयगढ़ | विकासखंड स्तरीय निर्धन कन्या विवाह समिति के निर्णय के अनुसार स्थानीय बाजार से क्रय की गई. |

# परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 769) के प्रश्नांश (क) की जानकारी ]

**जिला-बिलासपुर**

| क्रमांक (1) | विकासखण्ड का नाम (2) | स्वीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नाम (3) | |
|---|---|---|---|
| 1. | बिल्हा | 1 | धरलेरी |
| | | 2 | कड़ार |
| | | 3 | बेलतरा |
| 2. | मस्तुरी | 4 | दर्रीघाट |
| | | 5 | कुकदीकला |
| | | 6 | ओखर |
| | | 7 | नवागांव |
| | | 8 | खोंदरा |
| | | 9 | देवरीखुर्द |
| 3. | मुंगेली | 10 | सेतगंगा |
| | | 11 | पाल |
| | | 12 | बरेला |
| 4. | पथरिया | 13 | जगतकांपा |
| | | 14 | भटगांव |
| | | 15 | रामबोड़ |
| 5. | लोरमी | 16 | देवरहट |
| | | 17 | चंदेली |
| | | 18 | खपरा |
| | | 19 | (खुड़िया) |
| | | 20 | लालपुर |
| | | 21 | राम्हेपुर |
| | | 22 | सेमरसल |
| 6. | तखतपुर | 23 | बेलपान |
| | | 24 | सागर |
| 7. | कोटा | 25 | करगीकला |
| | | 26 | शिवतराई |
| 8. | मरवाही | 27 | सेमरदर्री |

**जिला-कवर्धा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कवर्धा | 1 | इन्दौरी |
| | | 2 | मरका |
| | | 3 | बम्हनी |

| (1) | (2) | | (3) |
|---|---|---|---|
| 2. | बोड़ला | 4 | पोंडी |
| | | 5 | बैजलपुर |
| | | 6 | चिल्फी |
| | | 7 | दलदली |
| | | 8 | झलमला |
| 3. | स. लोहारा | 9 | रक्से |
| | | 10 | ठाठापुर (रामपुर) |
| | | 11 | रणवीरपुर |
| | | 12 | उड़ियाकला |
| 4. | पंडरिया | 13 | दुल्लापुरबाजार |
| | | 14 | मोहगांव |

## परिशिष्ट "नौ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 13 (क्र. 567) के भाग (क) की जानकारी ]

**पर्यवेक्षकों के स्वीकृत, भरे, रिक्त पदों की जिलेवार जानकारी**

| क्र. | जिले का नाम | पर्यवेक्षकों के पदों की स्थिति | | |
|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत संख्या | भरे पद | रिक्त पदों की संख्या |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | राजनांदगांव | 71 | 20 | 51 |
| 2. | बिलासपुर | 121 | 72 | 49 |
| 3. | कोरबा | 68 | 36 | 32 |
| 4. | रायगढ़ | 81 | 48 | 33 |
| 5. | रायपुर | 166 | 59 | 107 |
| 6. | धमतरी | 38 | 10 | 28 |
| 7. | महासमुन्द | 50 | 4 | 46 |
| 8. | जांजगीर | 62 | 31 | 31 |
| 9. | जशपुर | 68 | 34 | 34 |
| 10. | कोरिया | 56 | 15 | 41 |
| 11. | कवर्धा | 39 | 7 | 32 |
| 12. | सरगुजा | 183 | 102 | 81 |
| 13. | दुर्ग | 129 | 40 | 89 |
| 14. | दंतेवाड़ा | 58 | 18 | 40 |
| 15. | बीजापुर | 27 | 8 | 19 |
| 16. | जगदलपुर | 103 | 63 | 40 |
| 17. | नारायणपुर | 12 | 6 | 6 |
| 18. | कांकेर | 65 | 30 | 35 |
| | **योग** | **1397** | **603** | **794** |

परिशिष्ट "दस"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्र. 814) के भाग (ख) की जानकारी ]

**वर्ष 2007 में छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण के बायोडीजल संयंत्र, रायपुर में हुए माहवार उत्पादन का विवरण**

| माह (1) | उत्पादित बायोडीजल मात्रा (लीटर में) (2) |
|---|---|
| जनवरी 2007 | निरंक |
| फरवरी 2007 | 407.00 |
| मार्च 2007 | 176.00 |
| अप्रैल 2007 | 160.00 |
| मई 2007 | निरंक |
| जून 2007 | निरंक |
| कुल | **743.00** |

## परिशिष्ट "ग्यारह"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 16 (क्र. 776) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

**200 बिस्तर वाले अस्पताल में निम्न सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए :—**

| | |
|---|---|
| 1. | संरचना में उल्लेखित समस्त विशेषज्ञ से संबंधित विभागीय एवं आपरेशन की सुविधा. |
| 2. | चौबीस घण्टे आपातकालीन जांच कक्षमय पूर्ण सुविधा. |
| 3. | ओपीडी प्रात: 9 बजे से 4 एवं शाम 5 बजे से 6 बजे तक. |
| 4. | आई. सी. सी. यू. |
| 5. | आई. सी. यू. |
| 6. | एक्स-रे |
| 7. | सोनाग्राफी |
| 8. | ई. सी. जी. |
| 9. | पैथालॉजी जांच |
| 10. | ब्लड बैंक |
| 11. | नर्सरी यूनिट |
| 12. | बर्न यूनिट |
| 13. | आईसोलेशन वार्ड |
| 14. | एम्बुलेंस |
| 15. | शव वाहन |
| 16. | पोस्ट मार्टम एवं मरचुरी कक्ष |

प्रपत्र "अ-1"

| क्रमांक (1) | पदनाम (2) | सृजित पदों की संख्या (3) |
|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ विशेषज्ञ सह अधीक्षक | 1 |
| 2. | मेडिकल विशेषज्ञ | 2 |
| 3. | सर्जिकल विशेषज्ञ | 2 |
| 4. | शिशु रोग विशेषज्ञ | 2 |
| 5. | स्त्री रोग विशेषज्ञ | 2 |
| 6. | निश्चेतना विशेषज्ञ | 2 |
| 7. | नेत्र रोग विशेषज्ञ | 1 |
| 8. | रेडियोलॉजिस्ट | 1 |
| 9. | पैथॉलाजिस्ट | 1 |
| 10. | नाक, कान, गला विशेषज्ञ | 1 |
| 11. | अस्थि रोग विशेषज्ञ | 1 |
| 12. | मनोरोग विशेषज्ञ | 1 |
| 13. | चिकित्सा अधिकारी | 16 |
| 14. | दंत रोग चिकित्सक | 1 |
| 15. | परिचारिका अधीक्षक | 1 |
| 16. | लेखापाल | 2 |
| 17. | आप्टोमेटिस्ट | 1 |
| 18. | नर्सिंग सिस्टर | 6 |
| 19. | स्टॉफ नर्स | 20 |
| 20. | लेब टेक्निशियन | 4 |
| 21. | रेडियोग्राफर | 2 |
| 22. | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 2 |
| 23. | ड्रेसर | 4 |
| 24. | डार्करूम असिस्टेंट | 2 |
| 25. | लेब सहायक | 2 |
| 26. | नेत्र सहायक | 1 |
| 27. | स्टोरकीपर (फार्मेसी) | 1 |
| 28. | स्टोवर्ड/सहा. ग्रेड-2 | 1 |
| 29. | सहायक ग्रेड-3/टायपिस्ट/लिपिक कम डाटा आपरेटर | 4 |
| 30. | ओ. टी. अटेण्डेन्ट | 6 |
| 31. | वार्ड बाय नियमित | 10 |
| 32. | वार्ड आया | 5 |
| 33. | वाहन चालक नियमित | 2 |
| 34. | वाहन चालक ग्रेड-2 | 3 |
| 35. | नाई (बारबर) | 1 |
| 36. | कुक | 2 |
| 37. | चौकीदार कम पंप अटेंडेंट | 2 |
| 38. | मेस सर्वेन्ट | 4 |
| 39. | वार्ड आया | 5 |
| 40. | वार्ड ब्वाय चतुर्थ श्रेणी | 10 |
| 41. | स्वीपर | 10 |
| 42. | ब्लड ट्रांस्फ्यून अधि. | 2 |
| 43. | लेब अटेन्डेंट | 1 |
| 44. | वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट | 1 |
| 45. | वरिष्ठ लेब टेक्निशियन | 1 |
| | कुल योग | 162 |

प्रपत्र "ख"

## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, राजनांदगांव ( छ. ग. )

200 शैय्या युक्त चिकित्सालय हेतु स्वीकृत/कार्यरत/रिक्त पदों की जानकारी

| क्र. (1) | पदनाम (2) | स्वीकृत (3) | कार्यरत (4) | रिक्त (5) | अतिशेष (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम श्रेणी चिकित्सक | 17 | 09 | 08 | - |
| 2. | द्वितीय श्रेणी चिकित्सक | 19 | 14 | 05 | - |
| 3. | परिचारिका अधीक्षक ( द्वितीय श्रेणी ) | 01 | - | 01 | - |
| 4. | नर्सिंग सिस्टर | 06 | 04 | 02 | - |
| 5. | स्टाफ नर्स | 20 | 40 | - | 20 |
| 6. | लैब टेक्निशियन | 04 | 11 | - | 07 |
| 7. | लैब सहायक | 02 | 02 | - | - |
| 8. | लेखापाल | 02 | 02 | - | - |
| 9. | उप स्थापक/सहायक ग्रेड-2 | 01 | 03 | - | 02 |
| 10. | सहायक ग्रेड-3 | 04 | 05 | - | 01 |
| 11. | रेडियो ग्राफार | 02 | 02 | - | - |
| 12. | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 02 | 02 | - | - |
| 13. | नेत्र सहायक | 01 | 01 | - | - |
| 14. | स्टोर कीपर | 01 | - | 01 | - |
| 15. | ड्रेसर | 04 | 05 | - | 01 |
| 16. | डार्करूम असिस्टेन्ट | 02 | 01 | 01 | - |
| 17. | आप्टोमेटरिस्ट | 01 | - | 01 | - |
| 18. | वाहन चालक नियमित | 02 | 02 | - | - |
| 19. | वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट | 01 | 01 | - | - |
| 20. | वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन | 01 | 01 | - | - |
| 21. | वाहन चालक ग्रेड-2 | 03 | 01 | 02 | - |
| 22. | वार्ड आया | 10 | 08 | 02 | - |
| 23. | नाई | 01 | 01 | - | - |
| 24. | कुक | 02 | 03 | - | 01 |
| 25. | चौकीदार | 02 | 02 | - | - |
| 26. | मैस सर्वेन्ट | 04 | 04 | - | - |
| 27. | भृत्य | 10 | 09 | 01 | - |
| 28. | वार्ड ब्वाय चतुर्थ श्रेणी | 10 | 14 | - | 04 |
| 29. | लैब अटेण्डेंट | 01 | - | 01 | - |
| 30. | स्वीपर | 10 | 14 | - | 04 |
| 31. | वार्डब्वाय नियमित | 10 | 02 | 08 | - |
| 32. | ओ. टी. अटेंडेंट | 06 | 02 | 04 | - |
| | योग | 162 | 165 | | 3740 |

## परिशिष्ट "बारह"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 18 (क्र. 816) के भाग (क) की जानकारी ]

**बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र के ग्रामों के नाम जहां नए अथवा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने हेतु वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में कार्य स्वीकृत किये गये हैं एवं 31 मार्च 2006 तक पूर्ण किये गये कार्य की स्थिति की जानकारी**

| क्र. | ग्राम का नाम | 31-03-2006 की स्थिति में कार्य पूर्ण/लंबित |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | धनेली | पूर्ण |
| 2. | मलदी | पूर्ण |
| 3. | पीसरी | पूर्ण |
| 4. | कंजी | पूर्ण |
| 5. | लोहारी | पूर्ण |
| 6. | मुड़पार | पूर्ण |
| 7. | मोहतरा | पूर्ण |
| 8. | परागांव | पूर्ण |
| 9. | ओटेबंद | पूर्ण |
| 10. | कोकड़ी | पूर्ण |
| 11. | अमेरी | पूर्ण |
| 12. | जांगड़ा | पूर्ण |
| 13. | बरडीह | पूर्ण |
| 14. | चिटकुली | पूर्ण |
| 15. | पाटन | पूर्ण |
| 16. | तुरमा | पूर्ण |
| 17. | आमाकोनी | पूर्ण |
| 18. | जरौद | पूर्ण |
| 19. | टेकारी | पूर्ण |
| 20. | फरहदा | पूर्ण |
| 21. | कोसमंदी | पूर्ण |
| 22. | रसेड़ा | पूर्ण |
| 23. | सुहेला | पूर्ण |
| 24. | सिमाही | पूर्ण |
| 25. | गोरदी | पूर्ण |
| 26. | रानीजरौद | पूर्ण |
| 27. | कुम्हरौद * | लंबित |
| 28. | रसेड़ी * | लंबित |
| 29. | शिकारी केशली * | लंबित |
| 30. | खम्हारडीह * | लंबित |
| 31. | मोपर * | लंबित |
| 32. | भालेसुर * | लंबित |
| 33. | मिरगी | लंबित (विवादित) |

टीप - * वर्तमान में इन ग्रामों में भी ट्रांसफार्मर लगाने के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं.

परिशिष्ट "तेरह"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 20 (क्र. 108) के भाग (क) की जानकारी ]

**जिला चिकित्सालय, रायपुर**

| क्रमांक (1) | पदनाम (2) | स्वीकृत (3) |
|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ चिकित्सक (मेडिकल) | 1 |
| 2. | एनेस्थिसिया | 1 |
| 3. | पैथालॉजी | 1 |
| 4. | मेडिसीन विशेषज्ञ | 1 |
| 5. | नेत्र रोग विशेषज्ञ | 1 |
| 6. | शिशु रोग विशेषज्ञ | 1 |
| 7. | सर्जरी रोग विशेषज्ञ | 1 |
| 8. | ई. एन. टी. विशेषज्ञ | 1 |
| 9. | अस्थि रोग विशेषज्ञ | 1 |
| 10. | रेडियोलॉजी विशेषज्ञ | 1 |
| 11. | स्त्रीरोग विशेषज्ञ | 1 |
| 12. | मनोरोग विशेषज्ञ | 1 |
| 13. | चिकित्सा अधिकारी द्वितीय श्रेणी | 23 |

**जिला चिकित्सालय, महासमुंद**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ विशेषज्ञ सह अधिक्षक | 1 |
| 2. | मेडिसीन विशेषज्ञ | 1 |
| 3. | सर्जिकल विशेषज्ञ | 1 |
| 4. | शिशुरोग विशेषज्ञ | 1 |
| 5. | स्त्रीरोग विशेषज्ञ | 1 |
| 6. | निश्चेतना विशेषज्ञ | 1 |
| 7. | नेत्र रोग विशेषज्ञ | 1 |
| 8. | रेडियोलाजिस्ट | 1 |
| 9. | पैथालाजिस्ट | 1 |
| 10. | ई. एन.टी. विशेषज्ञ | 1 |
| 11. | अस्थि रोग विशेषज्ञ | 1 |
| 12. | मनोरोग विशेषज्ञ | 1 |
| 13. | चिकित्सा अधिकारी द्वितीय श्रेणी | 16 |

परिशिष्ट "चौदह"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 22 (क्र. 475) के भाग (ख) की जानकारी ]

**छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण को इस बायोडीजल संयंत्र में 30 जून 2007 तक माहवार हुए बायोडीजल उत्पादन का विवरण**

| माह | उत्पादित बायोडीजल मात्रा (लीटर में) |
|---|---|
| (1) | (2) |
| अगस्त 2005 | 412.00 |
| सितम्बर 2005 | 854.00 |
| अक्टूबर 2005 | 1118.00 |
| नवम्बर 2005 | 808.00 |
| दिसम्बर 2005 | 1036.00 |
| जनवरी 2006 | 710.60 |
| फरवरी 2006 | 1646.80 |
| मार्च 2006 | 765.40 |
| अप्रैल 2006 | 311.20 |
| मई 2006 | 163.50 |
| जून 2006 | 442.50 |
| जुलाई 2006 | 1877.30 |
| अगस्त 2006 | 1813.00 |
| सितम्बर 2006 | 486.70 |
| अक्टूबर 2006 | 1.50 |
| नवम्बर 2006 | 269.50 |
| दिसम्बर 2006 | 280.90 |
| जनवरी 2007 | निरंक |
| फरवरी 2007 | 407.00 |
| मार्च 2007 | 176.00 |
| अप्रैल 2007 | 160.00 |
| मई 2007 | निरंक |
| जून 2007 | निरंक |
| कुल | 13,739.90 |